आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 23.07.2024

मुख्य समाचारः—

1— केंद्रीय वित्त मंत्री ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए आज लोकसभा में पेश किया आम बजट—प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट से आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

2— राज्य विधानसभा में आज जल जीवन मिशन में कथित गड़बड़ी के साथ ही नकली खाद—बीज और बिजली कटौती के मुद्दे प्रमुखता से गूंजे—अनुपूरक अनुमान पर हो रही है चर्चा।

3— सुप्रीम कोर्ट ने नीट—यूजी परीक्षा रद्द करने से किया इंकार।

4— प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही बारिश के कारण शिवनाथ और महानदी के तटवर्ती गांवों में रहने वाले लोगों को किया गया सतर्क।

आम बजट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने आज लोकसभा में वर्ष दो हजार चौबीस—पच्चीस का आम बजट पेश किया। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है। वित्त मंत्री ने व्यक्तिगत आयकर दरों के संबंध में नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वालों के लिए दो घोषणाएं कीं। वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन यानी मानक कटौती को पचास हजार रुपए से बढ़ाकर पचहत्तर हजार रुपए करने का प्रस्ताव किया गया है। पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती को पंद्रह हजार रुपए से बढ़ाकर पच्चीस हजार रुपए करने का प्रस्ताव बजट में है। नई कर व्यवस्था में कर दर संरचना में भी संशोधन किया गया है। तीन लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा।

बजट में रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं और पहल के पैकेज की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री पैकेज के भाग के रूप में रोजगार संबंधित प्रोत्साहन के लिए तीन योजनाएं लागू की जाएंगी। वहीं, कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन के लिए पांच वर्षों में हब और स्कोप व्यवस्था में एक हजार आईटीआई का उन्नयन किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने बताया कि कृषि और सबंधित क्षेत्रों के लिए एक लाख बावन हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने ग्रामीण बुनियादी ढांचा सहित समग्र ग्रामीण विकास के लिए दो लाख छियासठ हजार करोड़ रुपये के प्रावधान की घोषणा की है। अगले दो वर्ष में पूरे देश में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक कृषि के लिए सहायता दी जाएगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार, जनजातीय समुदायों की सामाजिक—आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि महिला नीत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं और बालिकाओं के लिए लाभकारी योजनाओं पर तीन लाख करोड रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के दूसरे चरण में सरकार एक करोड़ शहरी निर्धन और मध्यवर्गीय परिवारों की आवास जरूरतें पूरी करने के लिए दस लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

बजट प्रतिक्रिया

बजट पेश होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश में कहा कि यह बजट हर वर्ग को नई ताकत देने वाला है। इस बजट से आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार और स्वरोजगार का अवसर मिलेगा। ये बजट गांव, ग्रामीण और युवाओं का बजट है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस बजट को कृषि और रोजगार के क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय उन्नत ग्राम योजना से जनजाति समाज के तिरसठ हजार गांव और पांच करोड़ लोगों को फायदा मिलेगा। इससे छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों को भी काफी लाभ होगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के विकास का एक नया अध्याय लिखेगा।

दूसरी ओर, कांग्रेस ने इस बजट की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें आय असमानता को दूर करने के लिए कुछ नहीं किया गया है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा कि बजट में बिहार और आंध्रप्रदेश का जिक्र बार–बार हुआ है, जिससे पता चलता है कि सरकार ने इन दो राज्यों के लिए खजाना खोल दिया है। वहीं, अन्य राज्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ के साथ भेदभाव किया गया है।

वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि केन्द्र सरकार का बजट देश को जनता को निराश करने वाला है। बजट में निम्न और मध्यम वर्ग पर भार डाला गया है।

सुप्रीम कोर्ट–नीट सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने आज पेपर लीक और कदाचार के आधार पर नीट–यूजी दो हजार चौबीस परीक्षा रद्द करने से इंकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाओं के एक समूह में यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि लीक प्रणालीगत था और इससे पूरी परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई। न्यायालय ने यह भी कहा कि दोबारा परीक्षा का आदेश देने से तेईस लाख से अधिक छात्रों पर गंभीर असर पड़ेगा और शैक्षणिक कार्यक्रम में व्यवधान आएगा, जिसका आने वाले वर्षों में व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

मौसम

दुर्ग जिले में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण शिवनाथ, तांदुला और खरखरा नदियों के साथ ही शिवनाथ की सहायक नदियों और नालों का जलस्तर निरंतर बढ़ रहा है। महमरा एनीकट में पानी दस फीट ऊपर बह रहा है। मोंगरा जलाशय से भी पांच हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे शिवनाथ नदी में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। नदी के तट पर स्थित गांवों और बस्तियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। जिला प्रशासन ने नदी के किनारे बसे गांव, निचली बस्तियों के लोगों को नदी के समीप जाने से मना किया है। साथ ही एसडीआरएफ की टीम भी तैनात की गई है।

वहीं, महासमुंद जिले में भी लगातार बारिश के चलते जिला प्रशासन ने महानदी के तटवर्ती गांवों में लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

मौसम विभाग ने धमतरी, महासमुंद, रायपुर, कांकेर, बिलासपुर, रायगढ़ और सरगुजा सहित अट्ठारह जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज बारिश हो सकती है। सरगुजा संभाग में भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है।

विधानसभा–01

राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन आज सदन में जल जीवन मिशन में कथित गड़बड़ी के साथ ही नकली खाद–बीज और बिजली कटौती के मुद्दे प्रमुखता से गूंजे। शून्यकाल के दौरान प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के विधायकों ने प्रदेश में नकली खाद–बीज, बिजली कटौती और खाद–बीज की कमी के मुद्दे को उठाते हुए इस पर स्थगन प्रस्ताव लाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस के अन्य विधायकों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नकली खाद–बीज की बिक्री हो रही है। वहीं, किसान बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे हैं। जवाब में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने विपक्ष के सारे आरोपों को गलत बताया। पक्ष–विपक्ष में बहस के बीच विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया। इसके बाद कांग्रेस के विधायक गर्भगृह में घुसकर नारेबाजी करने लगे। गर्भगृह में प्रवेश करने के कारण कांग्रेस के सभी विधायक स्वमेव निलंबित हो गए।

वहीं, प्रश्नकाल में भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र बिल्हा में केवल दस प्रतिशत काम हुआ है। जवाब में मंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रदेश में कुल आठ सौ तिरासी संस्थाओं को पंजीकृत किया गया है। अनियमितता पाए जाने के बाद उनयासी संस्थाओं का पंजीयन निरस्त कर दिया गया है। वहीं, कार्य में लापरवाही बरतने वाले नौ अधिकारी और कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में जहां पर भी गड़बड़ी पाई जाएगी, उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

प्रश्नकाल में ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संदर्भ में जारी विज्ञापन को लेकर सवाल पूछा कि अट्ठारह लाख आवास बनाने के लिए जारी विज्ञापन में शहरी आवास शामिल है या नहीं। जवाब में पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने बताया कि शहरी आवास अट्ठारह लाख आवास के अतर्गत ही बनेंगे।

वहीं, आज कांग्रेस विधायक अनिला भेंडिया, संगीता सिन्हा, सावित्री मनोज मंडावी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी–टू–ईट के वितरण में अनियमितता का मामला ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया। इसके बाद महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस विधायकों ने सदन से बर्हिगमन किया।

इसके अलावा भाजपा विधायक राजेश मूणत ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा बिना निविदा और कार्य आदेश के टी शर्ट तथा टोपी खरीदी का मामला उठाया। इस पर खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने मामले की जांच कराने की घोषणा की।

वित्त मंत्री द्वारा कल पेश किए गए प्रथम अनुपूरक अनुमान पर आज सदन में चर्चा चल रही है। चर्चा के दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के एक बयान पर कांग्रेस विधायकों ने आपत्ति जताई और नारेबाजी की। कांग्रेस सदस्यों ने श्री चंद्राकर के भाषण के दौरान सदन से बर्हिगमन किया। श्री चंद्राकर ने चर्चा के दौरान आरोप लगाया कि बलौदाबाजार आगजनी की घटना में कांग्रेस के दो विधायक शामिल थे। इस पर विपक्षी सदस्यों ने तीखी प्रतिक्रिया दी। इसके कारण सदन में कुछ समय के लिए गतिरोध की स्थिति बन गई। इस बीच, भाजपा विधायक रिकेश सेन ने एक पोस्टर लहराया, जिस पर आसंदी ने नाराजगी दिखाते हुए सभी सदस्यों के लिए निर्देश जारी किए कि कोई भी सदस्य सदन में पोस्टर नहीं दिखा सकता और सभी को संसदीय परंपरा का पालन करना जरूरी है।

कांग्रेस–विधानसभा घेराव

प्रदेश में कथित रूप से बिगड़ती कानून व्यवस्था सहित कई मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने कल चौबीस जुलाई को विधानसभा का घेराव करने की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिव पायलट विधानसभा घेराव कार्यक्रम में हिस्सा लेने आज रायपुर पहुंचे। विभिन्न जिलों से भी कांग्रेस कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने रायपुर पहुंच रहे हैं।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए विधानसभा जाने वाले रास्तों में बेरीकेडिंग कर दी है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत दुर्ग और बस्तर संभाग के आठ सौ पचास श्रद्धालुओं का जत्था आज अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर कमिश्नर सत्यनारायण राठौड़ ने स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

– जांजगीर–चांपा जिले में चांपा थाना क्षेत्र में ओव्हरब्रिज से गिरने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

– चांपा नगर के बांधा तालाब में भी एक युवक की डूबने से मौत हो गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>